## खबर संक्षेप

### शराब पर लोधीखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई



**सौंसर।** थाना लोधीखेडा पुलिस के द्वारा शनिवार को अवैध शराब का तस्कर पर कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीपाठी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशन में डीएसपी डी. व्ही. एस. नागर सौसर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी लोधीखेडा निरीक्षक जितेन्द्र यादव को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कक ग्राम चौरा पठार थाना बिछुआ से एक सफेद रंग बुलेरो कार एम एच 40 ए आर 9589 से दो व्यक्ति भारी मात्रा अवैध शराब परिवहन कर जिला नागपुर की ओर ले जा रहे है। सूचना पर तस्दीक हेतू भीलापार चेक पोस्ट सवरनी रोड पर स्टाफ के साथ नाका बंधी लगाकर कार्यवाही की गई। संदिग्ध वाहन चेक करने पर गाड़ी में करीब 80 लीटर कच्ची महुआ शराब परिवहन करते पायी गई। उक्त शराब के संबंध में दस्तावेज माँगे जो आरोपियो द्वारा नही होना बताये। आरोपियो द्वारा अवैध शराब परिवहन करते पाये जाने पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया हैं। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी हैं। धीरज विजय राऊत उम्र 26 साल निवासी बडेगाँव,मयूर पिता पुंडलिक परतेती उम्र 21 साल निवासी वाडेगाँव पर कार्यवाही ओर एक सफेद रंग बुलेरो कार एम एच 40ए आर 9589 की जप्ति बनाई गई है।कुल 9,38,000/- रूपये का पुलिस द्वारा माल मशरूका जाम किया गया। इस दौरान निरीक्षक जितेन्द्र यादव, सुरेन्द्र बघेल, आर. चन्द्रकिशोर रघुवशी, लाखन चौहान आदि थे।

### कुंडीपुरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, आरोपी रोहित करोसिया गिरफ्तार

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

थाना कण्डीपरा क्षेत्रांतर्गत पातालेश्वर में हुई चोरी का 24 घण्टे के अंदर पुलिस ने खुलासा किया है पुलिस अधीक्षक महोदय मनीष खत्री जिला छिंदवाडा द्वारा असामाजिक संदिग्ध गतिविधियो व आपराधिक तत्वो, चोरी की वारदातो पर नियंत्रण व निगरानी सुनिश्चित कराये जाने हेतु निरंतर निर्देश व मार्गदर्शन दिये जा रहे है।

दिये गये मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा अनुभाग स्तर पर नगर पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कुण्डीपुरा द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तत्काल सूचना पर दिनांक 10/05/24 की दरम्यान रात्रि में आवेदिका ज्योति करोसिया निवासी वार्ड नं. 19 पातालेश्वर छिदवाड़ा के सूने घर में रखे सोने के जेवर, एक जोडी सोने की झुमकी एवं एक पंचाली जिसमें 8 सोने की पत्तिया व 16 सोने के मोती अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया है, कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कुण्डीपुरा में अपराध क्रमांक 376/24 धारा 454,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बाना कुण्ठीपुरा पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर सूचना तंत्र सक्रिय कर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी व दबिश देकर संदेही रोहित पिता राजू करोसिया उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 19 पातालेश्वर से सख्ती से पूछताछ कर संदेही द्वारा अपराध करना स्वीकार किया जो उक्त आरोपी के कब्जे से चोरी गयी संपत्ति एक जोडी सोने की झूमकी एवं एक पंचाली जिसमें 8 सोने की पत्तिया व 16 सोने के मोती कुल कीमती 80,000/- रूपये कीजानी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



#### ये आरोपी पकड़ाया

गिरफ्तार आरोपी रोहित पिता राजू करोसिया उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं. 19 पातालेखरजम संपत्ति एक जोडी सोने की झूमकी, एवं एक पंचाली जिसमें 8 सोने की पत्तिया व 16 सोने के मोती श्रीमती 50,000/- रूपये

#### इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी कुण्डीपुरा निरी. मनोज बघेल, उप निरी धर्मेन्द्र कुशराम, सउनि मनोज रघुवंशी, प्र.आर. संतोष बघेल, हरीश वर्मा, प्र आर भवानी, आर० जीवन रघुवंशी, करण रघुवंशी, अभिषेक ठाकुर, अखिलेश पन्द्रे, पुष्पराज, रामकुमारी, रजनी सनोडिया आदि की भूमिका रही।

### सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

# अस्पताल में पकड़ाए प्रेमी पर हुई कार्यवाही, हुए बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला अस्पताल की छत पर अपनी महिला मित्र के साथ रंग रलियां मनाते हुए धराए गए प्रेमी युवक पर कार्यवाही की गई है। मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आते ही एनआरएचएम में काम कर रही एजेंसी संचालक को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि एक माह पूर्व घटित हुई घटना का वीडियो मंगलवार को वायरल होते ही अचानक जिला चिकित्सालय सुर्खियों में आ गया। यद्यपि यह वीडियो एक माह पहले बना और मामला रफादफा भी कर दिया गया परंतु मंगलवार को यह पुनः सुर्खियां बंटारते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आ गया जिस पर कार्यवाही की गई है।

#### अस्पताल सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल

अस्पताल सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है क्योंकि सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा एजेंसी होने के बाद भी अस्पताल की छत पर पानी की टंकी तक ये प्रेमी जोड़ा कैसे पहुंचा, साथ ही ऐसे कई जोड़े वहां पहुंचते होंगे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। ये भी हो सकता है कि रंग रलियां मनाने की यह जगह कई बार इस काम के लिए उपयोग की गई होगी। एक सवाल और भी है कि पानी की टंकी तक जब गलत नीयत से ये जोड़े जा सकते है तो यह भी हो सकता है कि पानी की टंकी में कुछ भी मिलाकर सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों का जीवन संकट में डाला जा सकता है। पीने की पानी की टंकी तक सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होना भी बड़ा सवाल है। बहरहाल देखना होगा कि अधिकारीगण इस विषय में क्या कार्यवाही करते है। एक दिन पूर्व ही दो चिकित्सा अधिकारियों पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था जबकि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को लेकर जिला कलेक्टर खासे नाराज है और अस्पताल में चल रही गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।आने वाले समय में अस्पताल के कई अन्य लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर गाज गिरने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# भागवत कथा में हुआ ध्रुव चरित्र व शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई के सावरी ग्राम स्थित तनिष रेयांश कृषि फॉर्म शिव मंदिर पर श्री हरिनारायण शर्मा जी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री महाराज ने ध्रुव चरित्र और शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई।कथा वाचक शुभम कृष्ण महाराज ने कपिल अवतार ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया। उन्होंने बताया कि, किसी भी काम को करने के लिए मन में विश्वास होना चाहिए तो कभी भी जीवन में असफल नहीं होंगे। जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन कर बताया। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि, यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है, ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई, सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रुप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुईं तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरु तो हो गई, लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया, लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए।

### जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम सभाकक्ष में शनिवार को स्वच्छता अभियान 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वच्छ भरता मिशन के पीआई यू पुष्पेंद्र शर्मा के द्वारा ओ डी एफ ++ एवं जी एफ सी के सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई । जिसमे प्रमुख रूप से दस्तावेजीकरण, जमीनी स्तर की तैयारियों पर प्रमाणीकरण एवं अन्य बिंदु शामिल रहे। इस दौरान स्वच्छता मिशन एवं सर्वेक्षण 2024 के टूल किट के प्रत्येक बिंदु पर भी जानकारी दी गईं। इस कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय एवं जिला परियोजना अधिकारी (पीओ डूडा) आर एस बाथम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।






## वार्ड नंबर 14 की शराब दुकान हटाने फिर सौंपा ज्ञापन

# अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही सौंसर की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के वार्ड नं 14 की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति छात्रावास परिसर में संचालित शासकीय शराब दुकान हटाये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सोपा गया।जनपद पंचायत सभापति वंदनाती भाजपा नेता खेमराज सोनेकर ने बताया कीविगत १ सप्ताह पूर्व सीसर नगर के सौसर छिंदवाडा मार्ग पर शासकीय शराब दुकान का विस्थापन ठेकेदार द्वारा किया गया है। जिस स्थान पर नई दुकान का संचालन हो रहा है,उसके चंद दुरी पर अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास, अनुसूचित जाति छात्रावास संचालित है।

यही नहीं 3 महाविद्यालय, 1 स्कूल के अलावा आधा दर्जन जिनिंग का संचालन हो रहा है। शराब दुकान के संचालन से यहा पर शराब पीनेवालों का हुडदंग बढ़ गया है। छात्रावास में लगभग 100 से अधिक छात्रायें निवास करती है।जो सौसर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्यापन हेतू 3 किलोमीटर तक का लंबा सफर पैदल चलकर तय करती है।शराबीयो के हुडदंग के कारण छात्रायें स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हुये भयभित है। इसके अलावा जहा पर शराब दुकान संचालित है वह स्थान ढलान पर होने से दुर्घटनायें भी घटित हो रही है। नवीनतम शासकीय शराब दुकान अन्यत्र स्थापित करके छात्राओं को असुविधा से बचाया जाये। ताकि, भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी घटना ना हो।इस दौरान नामदेव ईननाती, सरपंच दिनेश भलावी, रवींद्र धुर्वे,लाल सिंग कुमरे आदि थे।



## गोंडीवाडोना में हो रहा है बुद्ध और उसका धम्म का वाचन

**पारडसिंगा।** ग्राम गोडी वाढोना में बुद्ध जयंती के अवसर पर 10 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुद्ध जयंती के अवसर पर ग्राम में 15 मई से बुद्ध और उसका धम्म का वचन के साथ ही सामूहिक बुद्ध वंदना ली जा रही है।डॉ.बाबासाहेब आम्बेडकर समिति गोडी वाढोना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोंडवाना में विगत 7 वर्षों से डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर समिति द्वारा तथागत गौतम बुध्द की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ सभी ग्रामवासियों के सहयोग से मनाया जा रही है। 23 मई बुध्द पोर्णिमा को लेकर 15 मई से सात दिन पूर्व से ही बुद्ध और उसके धम्म का वाचन किया जा रहा है। इसके साथ ही 23 मई को बुध्द पौर्णिमा के दिन महापरित्राण पाठ का आयोजन किया जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भजन मंडल के द्वारा तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति के साथ में भोजन दान कार्यक्रम संपन्न होगा।

## प्रधान मंत्री जन जागरण अभियान अध्यक्ष बने जलील

**छिंदवाड़ा:** प्रधान मंत्री जन जागरण अभियान के जिला अध्यक्ष के रूप में जलील शाह की नियुक्ति की गई है। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष लकी खत्री की अनुशंसा पर जलील शाह की नियुक्ति की गई है। कोयलांचल क्षेत्र के गुड़ी निवासी जलील शाह वर्तमान में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा में ज़िला महामंत्री का दायित्व भी कुशलता पूर्वक संभाल रहे हैं। संगठन में सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रधान मंत्री जन जागरण अभियान के जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जलील शाह की नियुक्ति पर संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

## कतिया समाज ने मनाई भूरा भगत जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भगवान भोलेनाथ के परम भक्त एवं कतिया समाज के आराध्य संत भूरा भगत की जयंती के अवसर पर कतिया समाज कल्याण संस्था जिला छिंदवाड़ा के द्वारा आज छिंदवाड़ा नगर में भगवान एवं संत भूरा भगत की झांकी निकालकर दो पहिया वाहन तथा मोटर कार की कतार वध रैली का भव्य आयोजन रानी दुर्गावती चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए परासिया रोड वंदना लॉन पहुंचकर समापन किया गया। कतिया समाज का यह 15व कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाज द्वारा प्रतिवर्ष भूरा भगत जयंती वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन मनाया जाता है। झांकी में भोलेनाथ का रोल शैलेंद्र बेलवंशी वह भूरा भगत के रूप में कमलेश बेलवंशी बाबा जी ने प्रसन्नता के साथ संत की भूमिका निभाया कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष महेंद्र नागवंशी अमीर चंद बेलवंशी हजारीलाल शिववंशी जगन्नाथ ग्यारसिया ओमकार महंगिया उमेश गोहिया रविशंकर बेलवंशी संजीत नागवंशी नन्हे राम गोहिया मोहन बेलवंशी हेमंत बेलवंशी ग्राम समिति कुंडाली के सहयोग से प्राप्त हुआ समाज के सैकड़ो बंधुओं व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया रैली का संचालन गौरी शंकर बेलवंशी,आकाश महंगिया,रवि शंकर बेलवंशी,राम प्रसाद मेहंगीया ने किया।

## ग्रामीणों ने पोस्टर के माध्यम से जाना जल का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जीवन बिना पानी के न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जीया जा सकता हैं। जल के महत्व को आमजनों तक जानकारी देने के लिए जन अभियान परिषद विकास खंड जामई के द्वारा ग्रामीणों को जल बचाने जागरूकता कार्यक्रम कुकड़ा ग्राम उत्थान समीति के सहयोग से ग्राम चिखलमऊ मे जन अभीयान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के के मार्गदर्शन मे संपन्न किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी श्यामल राव ने उपस्थित जनो को बताया की कोयला खदान क्षेत्र होने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती हे यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए । जल का किस तरह बरबाद किया जाता हे पर आधारित कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के द्वारा जनहित पर बनाये गये जल का करते दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना हे पर आधारित चित्रो का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वही ग्राम के कुए-, पोखर,झिरिया के संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता हे वही प्रकृति के संतुलन को बचाए रखने के लिए हमें पेड़ मिट्टी, वन्यप्राणियों का संरक्षण करना आवश्यक होता है उसी तरह मनुष्य के जीवन जीने के लिए पानी का संरक्षण कंही ज्यादा आवश्यक होता है। इसलिए हम सब मिलकर पानी के महत्व को समझते हुये सहेजकर रखें। यदि हम जल को अभी से रोककर रखेंगे तो गर्मी के समय भविष्य में आने वाले संकट से बच पाएंगे।

## अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने वाशरी में खोला प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संबंधता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी के निर्देशन में व विकासखंड समन्वयक श्री संजय वामने जी के मार्गदर्शन में आज दिनांक को डूंगरिया भरदागढ़ पंचायत के ग्राम वासरी के प्रतीक्षालय में सार्वजनिक प्याऊ नव अंकुर संस्था अध्यक्ष श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा खोला गया जहां किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री श्यामल राव जी विकासखंड अधिकारी श्री संजय बामने जी के हस्त कमलो से जल से भरे मटको की फूल अर्पित कर दीपक जलाकर पूजन किया गया। समिति के सभी सदस्यों द्वारा भी पूजन किया गया। साथ ही समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के द्वारा सभी अतिथियों का शाल और श्रीफल देकर स्वागत किया गया। श्री श्यामल राव जी द्वारा अपने उद्बोधन में हमारे शरीर में जल की विशेषता राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ का महत्व बताया गया । कार्यक्रम में नव अंकुर संस्था अध्यक्ष श्रीमती अर्चना माहुरे बीएसडब्ल्यूएमएसडब्ल्यू की छात्राएं कुमारी योगिता कुमारी आयुषी श्रीमती बसंती पवार श्रीमती लता चौहान श्रीमती राठौर काकी जी श्रीमान अचल सिंह जी सरपंच डूंगरिया बरदागढ बलराज फलके श्रीमान नवीन विश्वकर्मा व ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## ग्राम दिघोरी का मामला: पीड़िता ने की थाने में शिकायत

# छेड़छाड़ करने वाले सचिव की महिलाओं ने की धुनाई









हरिभूमि न्यूज लांजी।

थानाक्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम दिघोरी निवासी एक महिला ने ग्राम के ही एक युवक सुरेंद्र दमाहे पर छेड़छाड़ करने और परेशान किये जाने का मामला लांजी थाने में दर्ज कराया है। जिसके बाद लांजी पुलिस के द्वारा 17 मई को प्राथियां की शिकायत पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त मामले के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम दिघोरी निवासी श्रीमती मुकेश्वरी गिरधारी सुलाखे ने बताया की वह ग्राम दिघोरी की निवासी है तथा उनके पति महाराष्ट्र के नागपुर में ठेकेदारी का कार्य करते है तथा महीने दो महीने में घर आते हैं तथा वे अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी और दो बच्चों के साथ रहती है। तथा खेती किसानी का कार्य करती है तथा ग्राम के वार्ड क्रमांक 13 से पंच भी हैं। 16 मई की रात्रि 8.30 बजे वह ग्राम में एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौटी थी तभी सचिव सुरेंद्र दमाहे का कॉल आया और मुझे बंधी तरफ आने की बात कहने लगा।

### किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने के बहाने से बुलाया

पीड़िता मुकेश्वरी गिरधारी सुलाखे ने बताया की सुरेंद्र दमाहे ने मुझे फोन किसान सम्मान निधी योजना के माध्यम से दो लाख रूपये का लाभ दिलाने की बात कही जिसे मैने मना करने पर वह आने के लिये जिद करने लगा जिसके बाद मैने अपनी सहेली से उक्त बातें बताई और हम दोनो ही महिला घर के पीछे स्थित बंधी में सुरेंद्र दमाहे से मिलने पहुंचे था जहां सुरेंद्र दमाहे ने मुझे अकेले में बात करने के लिये कहा और मेरी सहेली को दूर खड़े रहने के लिये कहा, और सुरेंद्र दमाहे ने किसान सम्मान निधी से लाभ दिलाने के एवज में अपने साथ शारीरीक संबंध बनाने के लिये कहने लगा और बुरी नीयत से मुझे छूने लगा तो मैं डर गई और अपनी सहेली को आवाज दी जिसने गांव के लोगों को शोर मचाकर बुलाया। ग्रामीणों ने बताया की सचिव सुरेंद्र दमाहे पूर्व से ही भ्रष्ट शासकीय कर्मचारी के रूप में पूरे ग्राम में विख्यात है और वर्तमान में भी कार्य में अनियमितता के चलते पंचायत से बर्खास्त करके जनपद पंचायत लांजी में अटेच किया गया है।

### आरोपी सुरेंद्र दमाहे की ग्रामीणों ने ली खबर

मुकेश्वरी गिरधारी सुलाखे ने बताया की शोर होने के बाद मेरे परिजन और काफी संख्या में ग्रामीण उक्त स्थान पर पहुंचे और सचिव सुरेंद्र दमाहे की जमकर खबर ली और डांट फटकार लगाई। जिसके बाद ग्राम के लोगों द्वारा 100 डायल को कॉल करके आरोपी को पुलिस को सौंप दिया गया। श्रीमती सुलाखे ने बताया की सुरेंद्र दमाहे शुरू से ही ग्राम की महिलाओं पर बुरी नीयत रखता है जिससे ग्राम की महिलाएं काफी असहज महसूस करती है और इसके पूर्व भी कई घटनाएं घटित हुई हैं परंतु बदनामी के भय से कोई भी आवाज नहीं उठाता परंतु अब ऐसा नहीं होगा और ऐसे घिनौने कृत्य करने वाले लोगों को सख्त सजा दिलाने के लिये वह हर संभव प्रयास करेंगी।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

उक्त मामले में लांजी पुलिस ने ग्राम दिघोरी निवासी श्रीमती मुकेश्वरी गिरधारी सुलाखे की शिकायत पर ग्राम दिघोरी निवासी सुरेंद्र दमाहे को तत्काल पुलिस थाना लेकर आई और अगली सुबह 17 मई को प्रार्थिया के कथन के आधार पर महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा युवती के कथन लेख किए गए एवं आरोपीत के विरुद्ध अपराध क्रमांक 223/ 24 धारा 354, 509 भादंवि के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के द्वारा की जा रही है।

## ऑनलाइन प्रक्रिया में अटकी नीलामी

# जनपद पंचायत शॉपिंग काम्प्लेक्स की 5 साल बाद भी नहीं हुई नीलामी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तुमसर रोड़ पर जनपद पंचायत कटंगी कार्यालय के ठीक सामने करीब 05 साल पहले से बनकर तैयार 05 कमरों का शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों की अब तक नीलामी नहीं हो पाई है. जनपद पंचायत में कई बार बैठकों में शापिंग कॉम्प्लेक्स की नीलामी को लेकर चर्चा भी हुई लेकिन कोई नतीजा निकलकर सामने नहीं आ पाया. अब ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया के चलते पूरा मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है. आचार संहिता हटते ही शापिंग कॉम्प्लेक्स की नीलामी की जरूरी प्रक्रिया पूरी करने की बात कहीं जा रही है. दरअसल, पहले दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी लेकिन सरकार ने नीलामी की प्रक्रिया में बदलाव किया. जिसके बाद नीलामी की प्रक्रिया बीते डेढ़ सालों में चुनाव के चलते प्रभावित हुई परंतु पुर्व में अधिकारियों की तरह से नीलामी को लेकर शायद गंभीरता नहीं दिखाई गई. जनपद पंचायत ने अपनी आय का स्त्रोत बनाने और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय और मुख्य सड़क मार्ग के किनारे 05 दुकानों का निर्माण कराया है. निर्माण होने के बाद समय पर इन दुकानों की नीलामी नहीं हो पाई. जिसके चलते लाखों रुपए की लागत से निर्मित दुकानें अनुपयोगी साबित हो रही हैं।

आपको बता दें कि करीब 05 साल पहले ही जनपद पंचायत की दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका था लेकिन अभी तक इसकी नीलामी को लेकर योजना बनती नहीं दिख रही है. पूर्व में जनपद पंचायत की बैठकों में दुकानों की नीलामी किए जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से लिया जा चुका है. इसके बाद भी नीलामी नहीं हो सकी है. जनपद पंचायत परिसर में सामने की ओर दुकानों का निर्माण किया गया है. नीलामी नहीं होने दुकानों में ताला लगा हुआ है। नागरिकों का कहना है कि दुकानों की नीलामी से जहां जनपद पंचायत को लाभ होगा वहीं कई लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा. इसलिए जनपद पंचायत कटंगी को चुनाव समाप्त होने के बाद तत्काल कॉम्प्लेक्स की नीलामी करवाना चाहिए. ताकी

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा डाक्टर अरुण बिसेन का चयन

हरिभूमि न्यूज उकवा।



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी के 43 रिक्त पदों को भरने हेतु सितंबर 2022 को परीक्षा का आयोजन कर 3 जून 2023 को परीक्षाफल घोषित किया गया था तथा 20/2/2024 से 22/2/2024 तक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार आयोजित किया गया अंतिम चयन सूची में उकवा के होम्योपैथी चिकित्सक अरूण बिसेन ने मध्यप्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है वहीं बालाघाट जिले में एकमात्र अरुण बिसेन का ही नाम अंतिम चयन सूची में है अरुण बिसेन रिटायर्ड आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी तथा उकवा के विख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ धनश्याम बिसेन के द्वितीय सुपूत्र है तथा वर्तमान में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य परीक्षण के तहत परसवाड़ा विकासखण्ड में आयुष चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्य कर अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा उन्हें जल्द ही होम्योपैथी चिकित्सालय में रिक्त स्थानों पर होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएंगी उनकी नियुक्ति पद पर उकवा क्षेत्र में हर्ष की लहर व्याप्त है तथा उन्हें समस्त शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाईयां दी जा रही है।

# 9 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर का भव्य शुभारम्भ

### बच्चों को दिया जायेगा धार्मिक संस्कारों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर राजस्थान द्वारा धर्म नगरी वारासिवनी में भव्य श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन शनिवार 18 मई से प्रारंभ किया गया हैं। यह शिविर सन्त शिरोमणि आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के अनन्त उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गुरु उपकार को समर्पित है। शनिवार 18 मई 24 से 26 मई 24 तक संस्थान से आमन्त्रित विद्वान भैया जी द्वय द्वारा श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में संस्कार शिविर में बच्चों को ज्ञान पाठ दिया जायेगा।

### यह रहे अतिथिगण

शिविर का भव्य शुभारम्भ 18 मई को प्रातः श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आमन्त्रित विद्वानों श्री अंकित जैन शास्त्री, श्री आशीष जैन शास्त्री एवम् प्रमुख अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन, प्राचार्य श्रीमती रश्मिबाला जैन, नीरज जैन, श्रीमति ज्योत्स्ना जैन की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।



### किट का किया गया वितरण

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री जी के छाया चित्र का अनावरण, दीप प्रज्जवलन व मंगलाचरण द्वारा किया गया। शिविर के मङ्गलमय निर्विघ्न सम्पन्न होने के निमित्त से ज्ञान कलश स्थापना एवम् माँ जिनवाणी के रूप में ग्रन्थों की स्थापना दानदाता श्रावक श्राविकाओं द्वारा की गयी। अतिथियों के उद्बोधन के बाद भैया जी द्वारा शिविर की किट वितरित कर कक्षा प्रारम्भ की गयी।

### योग, चित्रकला, रांगोली का भी दिया जायेगा प्रशिक्षण

शिविर में बड़ों के लिये प्रातः काल में छहढाला, दोपहर में तत्वार्थ सूत्र, शाम को द्रव्य संग्रह की कक्षायें लगाई जा रही हैं। शिविर में 09 दिवस तक जैन समाज के सभी बच्चों को श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के विद्वानों द्वारा पूजन प्रशिक्षण, भाग 1, 2 धार्मिक संस्कारों की शिक्षा, योग की शिक्षा, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रांगोली, चित्रकला आदि की कक्षाएं प्रतिदिन मंदिर जी में सुबह, दोपहर और शाम को लगायी जायेगी।

### अधिकाधिक बच्चों को शिविर में भेजने की अपील की

महाकौशल शिविर प्रभारी पंडित अरुण शास्त्री ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म और संस्कार की शिक्षा ग्रहण करने की अपील की है। समाज अध्यक्ष संजय कासल ने शिविर को सफल बनाने के लिये समाज के सभी वर्गों से निवेदन किया हैं। शिविर संयोजक निवेश जैन ने सभी पालकों से बच्चों को शिविर में अवश्य भेजने की अपील की, ताकि शिविर के माध्यम से संस्कारों का बीजारोपण किया जा सके। शिविर का आयोजन पंचायत कमेटी, महिला मण्डल, नवयुवक मण्डल, सखी मण्डल एवम् संयम मंडल द्वारा किया जा रहा हैं।

## पीजी कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग अंतर्गत एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को परियोजना कार्य के लिये 20 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण डॉ. कंचन मसराम के मार्गदर्शन में श्रीमती राजश्री जायसवाल द्वारा 4 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रदाय किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पेपरमेशी कार्य, आभूषण निर्माण एवं चॉकलेट निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही विद्यार्थियों ने रद्दी पेपर व अनेक अनुपयोगी वस्तुओं से सुन्दर-सुन्दर सजावट का सामान बनाया। रेशमी धागों का उपयोग कर गले, कान व हाथों के अनेक आभूषण बनाये।

### फ्लिपकार्ट ऑफिस में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# दो नाबालिग समेत चार हुये गिरफ्तार

**जिले की लखनादौन पुलिस ने आनलाइन मंगवाए गए पार्सल की चोरी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो नाबालिग समेत चार आरोपितों को पकड़ा है।आरोपितों के कब्जे से चोरी गए पार्सल जब्त किए गए हैं। थाना लखनादोन प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि 17 मई को प्रवीण सिंह कौरव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रवीण ने बताया था कि एंटेक्स ट्रांसपोटेशन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनका कार्य क्षेत्र में लखनादौन भी शामिल है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लखनादौन तहसील में समनापुर में ट्रैक्टर एजेंसी के सामने एंटेक्स ट्रांसपोटेशन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड फ्लिपकार्ट का आफिस है। आफिस में ग्राहकों द्वारा फ्लिपकार्ट से आनलाइन आर्डर किए गए सामान वितरण के लिए कंपनी से आते हैं। लखनादौन आफिस में जानकारी दर्ज कर सामान के पार्सल को आफिस में ही रखा जाता है। क्षेत्र में डिलेवरी बाय वितरण करता है। 22 नग पार्सल नहीं मिले। दो मई से 17 मई तक सभी पार्सलों का मिलान किया तो सामान मिलान करने पर प्यूमा कंपनी के जूते सात जोड़ी, पांच मोबाइल फोन, एक स्मार्ट वाच, तीन नेकबेंड, एक बडस, कपडे कोर्ट पेंट, जींस, टीशर्ट कुल 22 नग पार्सल कम पाए गए। इस रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर संदेह के आधार पर डिलेवरी बाय रोशन पुत्र राजकुमार कुशवाहा (19) निवासी समनापुर, अशोक कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद झारिया (30) निवासी हाउसिंह वार्ड कालोनी लखनादौन व दो अन्य नाबालिक से पूछताछ की गई। सभी ने चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए सामान ब्रांडेट कंपनी के जूते, पांच मोबाइल, एक घड़ी, तीन नेकबेंड, एक बडस, कोर्ट पेंट-एक जोडी, जींस, टीशर्ट कुल 22 नग पार्सल जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक केपी धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक हरिसिंह पटेल, प्रधान आरक्षक कृष्णकुमार वानखेडे, आरक्षक नवनीत पांडेय, आरक्षक अरविंद यादव, आरक्षक धनेश्वर यादव, आरक्षक संदीप उईके, आरक्षक प्रियंक तिवारी, चालक प्रकाश उईके का योगदान रहा।





# सावधानः यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वालों की खैर नहीं, हो रही कार्यवाही, 7 वाहनों कटा चलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश सिंह द्वारा शहर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु थाना प्रभारी यातायात को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी यातायात द्वारा शहर के सभी मुख्य बैंकिंग संस्थानों को अपने गार्ड द्वारा बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहनों का मुख्य मार्ग से अलग, निश्चित स्थान पर सुव्यवस्थित पार्किंग कराने नोटिस के माध्यम से निर्देशित किया गया था। किंतु देखने में आ रहा है बैंक द्वारा पार्किंग की सही व्यवस्था ना करने के कारण वाहन अव्यवस्थित व रोड पर खडे हो रहे है । इस संबंध में आज दिनॉक को एसबीआई बैंक व एचडीएफसी बैंक मंगलीपेट के सामने अव्यवस्थित एवं सडक पर वाहन खडे पाये गये जो यातायात को प्रभावित कर रहे थे । ऐसे 07 वाहनों पर थाना यातायात द्वारा चालानी कार्यवाही की गई । यातायात पुलिस की सिवनी के नागरिकों से अपील है कि शहर यातायात व्यवस्था के सुदृढ एवं सुगम बनाने में पुलिस का सहयोग करे। वाहनों को कही पर भी रोड पर अव्यवस्थित खडा ना करें उचित पार्किंग पर ही वाहन खडा करें ।

## आंखों में पट्टी बांधकर भी देख सकते हैं आपके बच्चे - मनीष अग्रवाल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आर्ट ऑफ लिविंग का एक ऐसा कोर्स जो आपके बच्चों में आत्मविश्वास एकाग्रचितता सोचने समझने की शक्ति पैदा करता है जिससे आपके बच्चे आंखों में पट्टी बंधी होने के बावजूद रंगों को पहचानते हैं और पेंटिंग बना सकते हैं एवं बहुत सी चीजों का नॉलेज उन्हें हो जाता है जो आपको प्रत्यक्ष रूप से दिखता है यह कोर्स दिनांक 20 और 21 को रजवाड़ा में किया जा रहा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय टीचर नंदा दीदी आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम बेंगलुरु से पधार रही है जिनके दिशा निर्देशन में बच्चे सुबह 8:30 से 12 तक 2 दिन में इस कला को सीखेंगे. मनीष अग्रवाल ने बताया कि 8 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का ऐसा कोर्स जिसके फायदे इस प्रकार हैं- छठी इंद्रिय विकसित करें, फोटोग्राफिक मेमोरी विकसित करें, सही समय पर सही विचार, अज्ञात भय पर विजय, आत्मविश्वास में वृद्धि, विकसित सृजनशीलता, उत्कृष्ट एकाग्रता और बहुत कुछ अनुभव करने के लिए तैयार हो जाए. अधिक जानकारी हेतु एवं इसमें भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन मनीष अग्रवाल के मोबाइल नंबर 9425174704 पर करवा सकते हैं।

## जिला चिकित्सालय सिवनी में वृध्दजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 20 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वृध्दजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार 20 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय सिवनी में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृध्दजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बीपी, शुगर, मोतियाबिन्द के लिए आँखो का परीक्षण, हड्डीरोग, मानसिक स्वास्थ्य की जाँच, बधिरता, नाक, कान, गला, खून की जाँच समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधि जांच कर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने संबंधी आवश्यक सलाह देते हुए उपचार किया जाएगा। साथ ही शिविर में वृध्दजनों का आयुष्मान एवं हेल्थ आईडी कार्ड बनाकर आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

# बेमौसम वर्षा के कारण जंगल में लगी तेंदूपत्ता की फसल हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में कुछ दिनों से बेमौसम वर्षा के कारण जंगल में लगी तेंदूपत्ता की फसल खराब हो रही है। तेंदूपत्ता में माता रोग फैलने के साथ ही एक पौधे में लगे आधे से ज्यादा पत्ते खराब हो गए हैं। हालाकि, संग्राहक तेजी से तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य कर रहे हैं। लेकिन पत्ता उच्च गुणवत्ता और पूरी तरह परिपक्कव नहीं होने के कारण व्यापारियों को इसका उचित दाम मिलना मुश्किल लग रहा है। उत्तर और दक्षिण सामान्य मंडल में 30 मई तक तेंदूपत्ता जुड़ाई होगी। मौसम खराब होने पर तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य पहले भी बंद हो सकता है। इससे संग्राहकों को मिलने वाला मुनाफा कम होगा। शाख कतरन के बाद से ही जिले में रूक-रूक कर वर्षा का दौर जारी है पिछले साल भी अधूरा रह गया था लक्ष्य इसके कारण तेंदूपत्ता में माता रोग बना हुआ है। गर्मी और तेज धूप खिलने पर तेंदूपत्ता में सुधार होगा । बीते साल बेमौसम वर्षा के चलते तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका था। दक्षिण वनमंडल की 24 समितियों को 31 हजार मानक बोरा तेंदुपत्ता एकत्रितसमितियों को 31 हजार मानक बोरा तेंदुपत्ता एकत्रित करने लक्ष्य दिया गया था। लेकिन मात्र 13 हजार 644 मानक बोरा तेंदुपत्ता एकत्रित हुआ था। उत्तर सामान्य वनमंडल में पिछले साल 33 हजार मानक बोरा तेंदुपत्ता एकत्रित करने का लक्ष्य दिया गया था। जिले की 42 समितियां तेंदुपत्ता संग्रहण का कार्य कर रही हैं। दक्षिण वनमंडल की 24 समितियों में 74 हजार 592 संग्राहक तेंदुपत्ता तोड़ने, सुखाने और गड्डी बनाने का कार्य करती हैं।उत्तर वनमंडल की 20 समितियों के हजारों संग्राहकों की आय तेंदुपत्ता पर निर्भर हैं। जिससे उनका साल भर का खर्चा चलता है। उत्तर वनमंडल में लक्ष्य का 46 प्रतिशत तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य पूरा हो चुका है। बेमौसम वर्षा के साथ तेज आंधी-तूफान के कारण फड़ पर सूख रहा तेंदूपत्ता खराब हो रहा है। तेंदुपत्ता तुड़ाई और इससे मिलने वाली बोनस राशि से संग्राहक अपना गुजर बसर करते हैं। तेंदुपत्ता संग्राहकों की मजदूरी में इजाफा करते हुए इस साल सरकार ने 1 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी करते हुए प्रत्येक मानक बोरा पर 4 हजार रुपए संग्राहकों को दी जाएगी। पिछले साल तक संग्राहकों को एक मानक बोरा पर 3 हजार रुपए मिलता था। दक्षिण सामान्य वनमंडल में 401 फड पर तेंदुपत्ता संग्रहण होगा। पिछले साल तेंदुपत्ता संग्रहण की बोनस राशि अभी संग्राहकों को मिलना बाकी है।



# चलित खाद्य प्रयोगशाला से विविध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 13 मई से 17 मई 2024 तक चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा जिला मुख्यालय स्थित महावीर आइसक्रीम, जैन आइसक्रीम, होटल शिवानी, इंडियन कॉफी हाउस तथा केवलारी स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री से आईसक्रीम एवं लस्सी, माता श्री अनाज भंडार से खाद्य पदार्थ काबुली चना एवं लूज बेसन सहित विविध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर त्वरित जांच की गई।

## गलत जानकारी देने और बिना पता दर्ज कराए कपड़े बेचने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

**सिवनी।** शनिवार को कोतवाली पुलिस ने दो युवकों पर गलत जानकारी देने और बिना पता दर्ज कराए कपड़े बेचने के मामले में कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि बिहार के सीतामढ़ी जिले के पठानपुर निवासी मोहम्मद सज्जाद पिता मोहम्मद मुस्ताक (32) और इंद्रवा निवासी मोहम्मद जमीरुद्दीन पिता जैनुद्दीन (33) सिवनी के एक होटल में रुके थे। दोनों फेरी लगाकर बच्चों के कपड़े बेच रहे थे। उन्होंने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराई थी। इसकी जानकारी लगने पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की। पूछताछ में पहले दोनों व्यक्तियों ने स्वयं को जबलपुर के रहने वाले बताया। जब पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि दोनों बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 151 का मामला दर्ज किया है। जिले भर में इसी तरह कई लोग अन्य प्रदेशों से आ रहे हैं और बिना मुसाफिरी दर्ज कराए कई तरह की सामग्री बेच रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति यदि संदिग्ध लगता है तो तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें।

## संत शिरोमणि भूरा भगत जी की जयंती पर बोर्ड परिक्षाओं में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले बालक बालिकाओं को सम्मानित किया



**हरिभूमि न्यूज केवलारी ।** भगवान शंकर के परम प्रिय संत कतिया समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि श्री भुरा भगत जी महाराज की जयंती समारोह बैषाख माह शुक्ला पक्ष नवमी तिथि दिनांक 17 मई 2024 को स्थानीय खेरापति मंदिर स्थित मंगल भवन मेंश्री डॉक्टर सतीश नाग राष्ट्रीय अध्यक्ष महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी ,पी डी नाग शिक्षक व पूर्व जिला अध्यक्ष कतिया समाज सिवनी ,श्रीमती जमुना जावरे उप निरीक्षक पुलिस , के के डोंगरे रिटायर्ड उप निरीक्षक पुलिस, नत्थू लाल राकेश पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कतिया समाज, रमाशंकर महोबिया पत्रकार पूर्व महासचिव जिला कतिया समाज, वी पी गोहिया पूर्व शिक्षक, विजय अर्जुनवार अध्यक्ष ब्लॉक कतिया समाज केवलारी, शिव भारद्वाज शासकीय सेवक के गरिमामय मंचासीन उपास्तिथी मे आयोजित की गयी। जयंती उत्सव कार्यक्रम मे समाज के कक्षा दसवीं - एवं वारहवी बोर्ड परीक्षा मे शानदार अंक अर्जित करने बाले बालक - बालिकाओं में सुश्री शीतल नाग पिता कोमल प्रसाद नाग कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय 82 प्रतिशत, सुजल सोनिक पिता संजू सोनिक कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय 82.6प्रतिशत, आदर्श राकेशिया पिता प्रीतम सिंह राकेशिया कक्षा 12वीं कृषि संकाय 85 प्रतिशत शासकीय उत्कृष्ट सीएम राइज विद्यालय केवलारी, अभित ग्रियाम पिता कृष्ण कुमार ग्रियाम कक्षा दसवीं 84 प्रतिशत दीप ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल, अन्नपूर्णा रघुवंशी पिता गणेश प्रसाद रघुवंशी कक्षा दसवीं 83.3 प्रतिशत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी -एवं पिछले सत्र मे कक्षा दसवीं में उतकृष्ट अंक अर्जित करने बाली साक्षी पिता राजाराम रघुवंशी केवलारी को शाल श्री फल ओर सम्मान जनक निधी देकर सम्मानित किया गया।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी प्लेसमेंट ड्राईव 21 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में सोमवार 21 मई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय आई.टी.आई. कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राईव में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड, इगातपुरी, नासिक, महाराष्ट्र द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम विभिन्न पदों पर भर्ती कार्यवाही की जाएगी। आईटीआई ट्रेड (एनसीवीटी/ एससीवीटी) न्यनूतम योग्यता एवं वर्ष 2018,2019,2020 एवं 2021 में पास आउट एनसीव्हीटी/ एससीव्हीटी व्यवसाय टूल्स, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, मैकेनिस्ट व इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, न्यनूतम 18 से अधिकतम 25 वर्ष की आय ,प्रतिभागी उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं।

## हार्टअटैक से डॉ. राम रजक का हुआ निधन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के दल सागर तालाब भैरोगंज क्षेत्र स्थित साईं राम हॉस्पिटल के संचालक डॉ राम रजक जी का हृदय गति रुक जाने से शनिवार की शाम लगभग 5 बजे देवलोक गमन हो चुका है। अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा।

# समर्जीत सिंह एवं साथियों द्वारा पेट्रोल पंप मालिक को मिली गोली मारने की धमकी

विगत 18 मई को रात 12.30से 01 बजे के बीच पंप मालिक मयंक गोलहनी अपने पंप में टैंकर खाली करवा रहा था उसी बीच गुंडा समरजीत सिंह एवं उसके 3 साथी शुभम यादव ,यश तिवारी,मोहित सोनी, द्वारा पंप में पेट्रोल डलवाकर पैसे न देने को लेकर कर्मचारी से बहस चल रही थी,थोड़ी देर बाद देखते ही देखती ये आदतन गुंडे पंप सचालक के पास आए और उन्हे चारो तरफ से घेर लिए और गंदी गंदी गाली देने लगे और बोले कि यदि तुझे यहा पंप चलाना हे तो मुझे 5000 ru हफ्ते देने होंगे और जब जब मेरी गाड़ी तेरे पंप में आए मेरी गाड़ी हमेशा फुल टैंक होगी और उसका पैसा मांगा तो तेरी उपर की टिकट काट दूंगा ।और तेरे जितने काम हे वेयरहाउस पेट्रोलपंप में आग लगा दूंगा ।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

यहाँ रहना है तो में जैसा कहता हु बेसा रहो अपनी मर्जी से तुम नहीं रह सकते और मेरे पेट्रोल पंप आने पर मुझे हमेशा सलामी देना सीख जाओ नही तो गोली मार दूंगा। घबराए पंप संचालक ने धीरे से 100 no डायल कर पुलिस को सूचना दी ,पुलिस को देखते ही ये गुंडे पंप से भाग गए ।फिर संचालक ने अपने कर्मचारियों के साथ जाकर पुलिस थाने में घटना को जानकारी दी एवं f.i.r दर्ज कराई जिसमे अपराधियों के खिलाफ 294,323,506,384,190,34 के तेहेत मामला पंजीबद्ध किया गया। अब देखना यह है कि इन आदतन अपराधियों पर थाना प्रभारी अनिल पटेल क्या कारवाही करते है और इन्हें क्या सबक मिलता है जिसमे समाज में शांति का माहोल बना रहे।

# गर्मी के मौसम में लू - तापमान से अपना करें बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गर्मी के मौसम में अधिक तापमान के कारण लू (हीट वेव) लगने जैसी बीमारियों की संख्या में वृद्धि परिलक्षित हो रही है। जिसका स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम हो सकता है। जन सामान्य को गर्मी से होने वाली बीमारियों के दुष्प्रभावों से बचने के लिये आवश्यक सावधानियां रखनी आवश्यक है। जैसे -शरीर को पानी की कमी से बचायें, पर्याप्त मात्रा में पानी/ओ.आर.एस. पियें। घर में बने पेय जैसे- नींबू-पानी, छाछ-मठा-लस्सी, फलों का रस आदि नमक डालकर सेवन करें, घर से बाहर निकलते समय एवं यात्रा के लिये पानी साथ रखें, ऐसे फल व सब्जियों का सेवन करें जिनमें पर्याप्त मात्रा में पानी होता है जैसे- तरबूज, खरबूज, संतरा, अंगूर, ककड़ी आदि। शरीर को ढांक कर रखें। धूप से बचने के लिए सिर ढांक कर रखें छाता टोपी, हैट, गमछा, टॉवेल या अन्य प्रकार से सिर को कवर करें। कोई भी व्यक्ति किसी भी समय लू/तापघात से ग्रसित हो सकता है, किंतु अतिसंवेदन शील लोगो जैसे वृद्ध, शिशु एवं छोटे बच्चें, गर्भवती महिलाएं, 65 वर्ष या अधिक आयु वाले व्यक्ति, बाहर काम करने वाला वर्ग, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति। अन्य शारीरिक बीमारियां जैसेः- हृदय रोग या बी.पी. से ग्रस्त व्यक्तियों को लू/तापघात ज्यादा प्रभावित करता है। स्वास्थ्य खराब महसूस होने पर- यदि कमजोरी, चक्कर आना, घबराहट या तीव्र प्यास के साथ सिरदर्द हो तो चिकित्सा सहायता प्राप्त करें तथा तत्काल ठंडी जगह पर जायें एवं शरीर का तापमान मापें। पानी या अन्य पेय पिये तथा शरीर का पुनर्जलीकरण करें। मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन (विशेषतः पैर हाथ या पेट की मांसपेशियों में ऐठन) होने पर अथवा गर्मी में अधिक समय तक कसरत करने के बाद होने पर तत्काल ठंडे स्थान पर आराम करे। ओ.आर.एस. का सेवन करें। आवश्यकतानुसार चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। लू लगने पर निम्न लक्षण दिखाई देते है - जैसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होता है। लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार हमें निम्न तरीके से करना चाहिये जैसे रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटाकर हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्वत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढंक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहरायें जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता। इसके बाद भी लू से पीडित व्यक्ति की हालत में सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लें जाये। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर हीट वेव लू तापघात प्रबंधन हेतु ओ.आर.एस. कॉर्नर, आवश्यक दवाइयों तथा बेड आरक्षित किये गये हैं।

# जल संवर्धन अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों 31 मई तक पूर्ण करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने 17 मई को केवलारी विकासखण्ड में उद्यानिक विभाग सभा कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, पटवारी, सचिव एवं जीआरएस की बैठक लेकर विकासखण्ड अंतर्गत संचालित जल संवर्धन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी श्री महेश अग्रवाल, तहसीलदार केवलारी, सीईओ जनपद केवलारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कलेक्टर श्री सिंघल ने सेक्टरवार संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से जल संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत निर्मल नीर, पर्कॉयलेशन टैंक, खेत तालाब एवं सामुदायिक तालाब के पूर्ण हुए एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जल संवर्धन अंतर्गत पुराने एवं अधूरे सभी निर्माण कार्यों को मानक गुणवत्ता के साथ 31 मई तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल संवर्धन कार्यों में अपेक्षानुरूप प्रगति न करने वाले एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से जल संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत नए सामुदायिक तालाब निर्माण के लिए अधिक कैचमेंट क्षमता वाले क्षेत्र भूमि का चिन्हांकन करने तथा खेत तालाब निर्माण के लिए कृषकों को प्रोत्साहित कर खेत तालाब का लाभ बताते हुए तालाब निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने बैठक में उपस्थित पीएचई विभाग एवं पंचायत से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को क्षेत्रांतर्गत खुले बोरवेल, नलकूप एवं बिना मुंडेर के कुओं का चिन्हांकन कर, उन्हें ढकने या कवर करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने तहसील न्यायालय केवलारी का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने गुरुवार 16 मई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी राजस्व न्यायालय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व न्यायालय का निरीक्षण कर संचालित कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने न्यायालयों आवेदन पंजी, पावती संधारण, अपील पंजी, अभिलेख पासबुक सहित नामांतरण बटवारा संबंधी प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेकर लंबित रहने के कारणों को जाना तथा त्वरित नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। उन्होंने विभागीय राजस्व पोर्टल का अवलोकन कर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### कटेरा में धू-धू कर जली इलेक्ट्रिक स्कूटी, बड़ा हादसा टला



कटंगी। इलेक्ट्रिक स्कूटी में आए दिन आग लगने की खबरें आती रहती है. ऐसी ही एक घटना शनिवार को कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कटेरा में भी हुई. जहां घर के सामने आंगन में खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक धमाका हुआ और फिर स्कूटी धू-धू कर जलने लगी. आग किन कारणों से लगी इसकी पुष्टि तो नहीं हो पाई लेकिन बैटरी में ब्लास्ट या फिर शार्ट सर्किट होने से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है. यह पूरी घटना मधुसूदन पटले निवासी कटेरा के घर में हुई है. मधुसूदन पटले ने दो साल पहले ही यह स्कूटी खरीदी थी. गनीमत रही कि इलेक्ट्रिक स्कूटी में जब आग लगी तब पास ही में कार भी खड़ी थी. जिसे समय रहते स्कूटी वाहन से दूर हटा लिया गया. वरना कार भी आग की चपेट में आ सकती थी. बताया जा रहा है कि इलेक्ट्रिक बाइक घर के बाहर खड़ी थी शाम करीब 04 बजे के आस-पास अचानक से उसमें आग लग गई. स्कूटी में लगी आग पर पानी डालकर काबू तो पा लिया गया लेकिन स्कूली पूरी तरह से जल चुकी है।

### राजमाता साहब माधवी राजे सिंधिया वात्सल्य की प्रतिमूर्ति : हेमेन्द्र क्षीरसागर



बालाघाट। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां, राजमाता साहब माधवी राजे सिंधिया देवलोक गमन अत्यंत हृदय विदारक है। राजमाता मातृत्व, वात्सल्य और प्रतिपालक की जीती जागती प्रतिमूर्ति थी। जिससे हम सब आज ओझल हो गए। इनका त्याग, तपस्या और बलिदान प्रेरणापुंज है। शोक स्तब्ध अपनी शब्दांजलि में मातृभूमि सेवा संघ जिलाध्यक्ष हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा, मां जीवन का आधार होती हैं, मां जननी हैं। मां भगवान से बडी हैं, मां के बिन सब सुन हैं। आखिर मां है तो हम हैं। राजमाता की यूं ही चले जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है। मां का आंचल छिन जाना संतान के लिए एक वज्राघात है। जिसकी भरपाई युगीन असंभव है। भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हेमेन्द्र क्षीरसागर ने परमात्मा से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में विश्रांति और परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं।

## खाद्य विभाग ने बनाया पंचनामा : वैष्णवी राइस मिल का चावल एफआरके टेस्ट में फेल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**कलेक्टर डॉ. श्री गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले की राइस मिलों के चावल की विस्तृत जांच जारी है। इसी कड़ी में माँ वैष्णवी राइस इंडस्ट्रीज गर्रा में भंडारित चावल की जांच के लिए खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा की गई।**

खाद्य विभाग के सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने बताया कि पूरे जिले में व्यापक जांच की जा रही है। जबकि 16 मई को सांईबाबा वेयर हाउस गर्रा की जांच नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक पियूष माली एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जांच की गई। जिसमें गोदाम क्रमांक 10 के स्टेग क्रमांक 10/11 में मॉ वेष्णवी राईस इडस्टीज गर्रा द्वारा प्रदाय किया गया 1160 बोरी, 578.88 क्विंटल चांवल की जांच की गई। जांच किये जाने पर केमिकल टेस्ट एवं प्रोर्टिफाइट राईस के सबंध में एफआरके टेस्ट में चांवल फेल पाया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 22 लाख रूपये आका गया है। मौके पर की गई जांच में पाया गया की यह अमानक चावल 25 अप्रैल 2024 एवं 8 मई 2024 को गोदाम में माँ वैष्णवी राईस इंडस्टीज गर्रा के द्वारा जमा कराया गया था। जिसे गुणवत्ता निरीक्षक अरूण मिश्रा द्वारा बिना केमिकल एवं एफआरके टेस्ट किये बिना ही पास कर दिया गया था। जांच कार्यवाही कर मौके पर पंचनामा बनाया गया एवं कार्यवाही का प्रतिवेदन कलेक्टर डॉ. मिश्रा को प्रस्तुत किया गया है।



## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 26 को



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तैराकी संघ द्वारा जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जो आगामी 26 मई को आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी संघ प्रवक्ता चीनू जैन ने देते हुए बताया कि आगामी 26 मई को जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित जिलास्तरी तैराकी प्रतियोगिता के लिए संघ की बैठक गत दिवस आहूत की गई थी। जिसमें संघ पदाधिकारियों की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि 26 मई को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जूनियर, सबजूनियर और सीनियर बालक, बालिका तैराक भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 9 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियो को ही शामिल किया जाएगा। जिसमें चयनित प्रतिभागी आगामी 10 से 13 जून तक ग्वालियर में आयोजित होने वाली 52 वीं स्वीमिंग चैम्पियनशीप में हिस्सा लेंगे।

प्रवक्ता चीनू जैन ने बताया कि जिला तैराकी संघ द्वारा जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैराकों को तैयार करने 15 मई से 10 जून तक बजरंग घाट में तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जबलपुर से एनआईएस कोच प्रशांत कुशवाहा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे है।

जिला तैराकी संघ अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सचिव महेन्द्र सुराना, कोषाध्यक्ष के.के. अग्रवाल, नितेन्द्र श्रीवास्तव, शिव मुवनेश्वर, संजय भोयर, सुनील सुनेरी, मन्नु सुनेरी सहित संघ पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में तैराक बालक, बालिकाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

## कत्लखाने जा रहे 10 गौवंश को रामपायली पुलिस ने बरामद किया

### आरोपी को न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक 10 गौवंशों को भरकर कत्लखाने ले जा रहे चालक व वाहन को रामपायली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दैतबर्रा गर्राबोडी मुख्य मार्ग पर पकड़ लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक छगन पिता संतोष पटले 34 वर्ष के खिलाफ अपराध क्रमांक 183/24 धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004-11 (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं। प्रकरण पंजीबद्ध करने के बाद आरोपी छगन पटले को न्यायालय वारासिवनी में पेश किया गया। जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया हैं।





पुलिस थाना रामपायली द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 17 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दैतबर्रा गर्राबोडी मुख्य मार्ग से छगन पिता संतोष पटले निवासी फूलचूर थाना खैरलॉजी द्वारा अपने पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 34 ए बी 6178 में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भर कर नागपुर महाराष्ट्र कत्लखाने ले जा रहा हैं। सूचना मिलते ही रामपायली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मागदर्शन में थाना प्रभारी चन्द्रजीत यादव के नेतृत्व में तत्काल छापामार कार्यवाही करते हुए पिकअप वाहन को पकड़ा। जिसमें 10 गौवंश को क्रूरतापूर्वक चारों पैर व मुँह बॉधकर बोरियों की तरह ठूॅस ठूॅस कर भरा गया था। जिसके बाद गौवंश सहित पिकअप को रामपायली पुलिस थाने लाया गया। जहॉ पर आरोपी छगन पटले के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 10 नग गाय की कीमत लगभग एक लाख रुपये व पिकअप वाहन की कीमत 2 लाख रुपये की जप्ती बनाई गई। जिसके बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी छगन पिता संतोष पटले उम्र 34 साल निवासी फूलचुर थाना खैरलांजी को माननीय न्यायालय वारासिवनी में पेश कर जेल निरुद्ध किया गया हैं।

इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपायली निरीक्षक चन्द्रजीत यादव, सहायक उपनिरीक्षक राजीव जाचक, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र सैय्याम, प्रधान आरक्षक संजीव चंद्रकापुरे, आरक्षक आलोक बिसेन, आरक्षक श्याम रावेट, चालक आरक्षक नासिर खान का योगदान सराहनीय रहा।

## सिंधी महिला मंडल के 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

### प्रशिणार्थियों ने सीखा कुकिंग, मेकअप, ड्राइंग और डासिंग



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।


प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंधी महिला मंडल द्वारा 10 से 18 मई तक समाज की महिलाओं, युवतियों और 4 से 15 वर्ष की बालक, बालिकाओं के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज की महिलाओ और युवतियों को कुकिंग एवं मेकअप का प्रशिक्षण दिया गया। जबकि बच्चो को ड्राईंग और डांस, सीखाया गया। गौरतलब हो कि 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ में बतौर अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष अमर मंगलानी, समाज के वरिष्ठ रमेश रंगलानी और अमर मंगलानी के आतिथ्य में किया गया था। जबकि 18 मई को समर कैंप का समापन समाज की वरिष्ठ साधना मंगलानी और उषा सावलानी के आतिथ्य में किया गया। सिंधी महिला मंडल अध्यक्ष लीना माधवानी ने बताया कि दस दिवसीय समर कैंप में समाज की 170 महिलाएं, युवतियों और बच्चों ने शामिल होकर कुकिंग, मेकअप, ड्राईंग और डासिंग विद्या का प्रशिक्षण हासिल किया। उन्होंने बताया कि इस समर कैंप में प्रशिक्षक मिष्ठी सोमानी ने कुकिंग, आर्या जैन ने मेकअप, एनी जैन ने डांस और निशा मंगलानी ने ड्राईंग का प्रशिक्षण दिया। 18 मई को कार्यक्रम के समापन पर डांस और ड्राईंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों ने कैंप में सीखी कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सभी प्रशिणार्थियों को सिंधी महिला मंडल द्वारा प्रमाण पत्र और गिफ्ट प्रदान किए गए।

## लैंगिक समानता आधारित समाज विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निधि ठाकुर की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्री य वेबिनार का आयोजन किया गया। लैंगिक समानता आधारित समाजः चुनौतियॉ एवं संभावनाएँ विषय पर आधारित विषय पर आयोजित इस वेबिनार में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.स्वाति खोब्रागड़े, जेंडर फोरम समिति की समन्वयक श्रीमती तृषा माहुले उपस्थित रहें। मॉ सरस्वती पूजन कर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मंच से जुड़े समस्त, अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम लैंगिक समानता आधारित समाज के विषय में आयोजित वेबिनार के उद्देश्य कथन का वाचन कार्यक्रम समन्वयक द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि बालाघाट में प्रत्येक 1000 पुरुषों के लिए 1021 महिलाओं का लिंग अनुपात है। साथ ही साक्षरता दर में महिलाओं का प्रतिशत अधिक है। वहीं डॉ.सुचित्रा शर्मा ने आध्यात्मिक परामर्श एवं स्वास्थ्य में पीजी डिप्लोमा विजिटिंग प्रोफेसर भारती विश्विविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) ट्रांसजेंडर समुदाय के संदर्भ में लैंगिक समानताः परिप्रेक्ष्य और चुनौतियॉ विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत मे सहायक प्राध्यापक महिला अध्ययन केंद्र इलाहबाद विश्वविद्यालय उ.प्र डॉ.गुरपिंदर कुमार ने भारत में लैंगिक समानता मुद्दे एवं चुनौतियॉ विषय पर अपने विचार रखें। जिसमें मुख्य रूप से लैंगिक समानता की शुरूआत घर से किये जाने के साथ साथ लड़के एवं लड़कियों के बीच भेदभाव मिटाकर सभी को समानता के अवसर उपलब्ध कराने के साथ एक बेहतर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये जाने पर बल दिया।





## 9 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 9 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 956 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखा गया हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने, एजी-3 विश्वेश्वर भगत, एएसआई सुरेश लिंगैय्या तथा राजनितिक पार्टी में कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीजेपी से सुमित यादव, मुकेश बहोले, बीएसपी से गगन सोनी, माधुरी डोंगरे, इंजी. महेंद्र, मप्र.ज.वि. पार्टी से लोकेश बहोले, रा.भा.पार्टी से मोहन राउत, पीपीआईडी आरके लोंहारे, दिलीप कुमार श्यामकुंवर, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।



## सीएम राइज विद्यालय वारासिवनी में समर कैम्प का हुआ समापन

बालाघाट। सीएम राईज विद्यालय वारासिवनी में आयोजित 12 दिवसीय समर कैम्प का बुधवार को संस्था के उप प्राचार्य श्री हुमराज पटले के मार्गदर्शन में समापन किया गया। समापन समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि श्री ज्ञानीराम पटले (सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर) एवं उप प्राचार्य श्री हुमराज पटले की अध्यक्षता में सर्वप्रथम माँ सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा नृत्य विधा में छत्तीसगढ़ी, लोक संगीत, मराठी आदि स्कूली छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। छात्र एवं प्रशिक्षक द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। श्री पटले ने बताया कि 1 मई से 15 मई तक आयोजित इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण (समर कैम्प) में विभिन्न गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र छात्राओं द्वारा खेलकूद, योग, नृत्य, संगीत, वादन एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया गया। कैम्प के दौरान विद्यार्थियों द्वारा की गई गतिविधियों को संचालित करने में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कोच ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

### अधिकारियों की टीम ने संग्रहालय का किया अवलोकन

## पुरातत्व शोध संस्थान में मनाया गया विश्व संग्रहालय दिवस

### 15 दिवसीय पुरातत्व धरोहर कार्यशाला के उत्कृष्ट प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

### मानव जीवन है तो हर जगह संग्रहालय है- एसडीएस गोपाल सोनी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज मेरे मन में बचपन से बड़े होने तक की स्मृतियां है, तो मन एक संग्रहालय हुआ। मानव जीवन है, तो हर जगह संग्रहालय है। यह बातें एसडीएम गोपाल सोनी ने विश्व संग्रहालय दिवस कार्यक्रम में कही। इतिहास पुरातत्व शोध संस्थान और जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) के संयुक्त तत्वाधान में 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस मनाया गया। संग्रहालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय राजस्व (एसडीएम) गोपाल सोनी शामिल हुए। जिन्होंने कहा कि इतिहास और पुरातत्व ऐसे विषय होते हैं, जिनमें बहुत कम ही लोगों की रूचि होती है। लेकिन जब आवश्यकता होती है, तो हमारे इतिहास से ही उपाय मिल पाता है। सर्वप्रथम एसडीएम श्री सोनी का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। डॉ. गहरवार ने कहा कि विश्व का प्रथम पुरातत्व संग्रहालय बालाघाट है, जहां नैरोगेज डीजल इंजन, बोगी तथा गार्ड के डिब्बे को रखा गया है। वहीं संग्रहालय में पाषाण दुर्लभ अवशेष भी संरक्षित है। नोडल विकास रघुवंशी ने कहा आज का समय मोबाइल तंत्र है, लेकिन धरोहरों के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डीएटीसीसी नोडल अधिकारी विकास रघुवंशी, संग्रहाध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार, पुरातत्व प्रेमी डॉ सुभाष चंद्र गुप्ता, पर्यटन प्रबंधक एमके यादव, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अजय सिंह ठाकुर, राजेन्द्र ब्रम्हें, कुलदीप बिल्थरे, शीला सिंह राठौर भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान 1 से 15 मई तक आयोजित पुरातत्व धरोहर कार्यशाला में शामिल होनी वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व एसडीएम व अधिकारियों ने पुरातत्व और जीयोलॉजी संग्रहालय परिसर का अवलोकन वहां मौजूद पुरातात्विक व पाषण प्रतिमाओं के इतिहास को जाना। वहीं ने संग्रहालय परिवार और टीम की तारीफें की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिलेश पटले, झनेन्द्र बुरडे, सौरभ उइके, वेंकटेश गेड़ाम, संध्या मेश्राम, कृष्णा कंसरे, रेणुका राऊत, रेणुका समरत, आराधना फेंडारकर, तनुजा रामावत, अंजली चौधरी, निलिमा चौहान, मानसी चौरीवार का सराहनीय योगदान रहा।

### पैरालीगल वालेंटियर्स व विधि छात्र छात्राओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

बालाघाट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं विधि छात्र छात्राओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागी परस्पर चर्चा कर दूसरें विभागों के कार्य एवं योजनाओं को समझेंगे एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने में समर्थ हो सकेंगे। इस कार्यक्रम में समाहित किये गये विषयों पर प्रभावी निष्कर्ष प्राप्त होगा।

## शैक्षणिक और आवासीय संस्थाओं के निर्माण कार्यो की हुई समीक्षा

बालाघाट। कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्मित, स्वीकृत और निर्माणाधीन शैक्षणिक संस्थायओं, छात्रावास और आश्रम शालाओ के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में निर्माण एजेंसी पीआईयु की 15 संस्थाओं के निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा में पाया कि वर्ष 2021-22 के कार्यो को एक वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी पूर्ण करना नही हुआ। सभी 15 कार्यो का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। शासकीय उमावि दमोह, भंडेरी, मोहगांव, मजगांव के कार्यो को माह जून 2024 के पूर्व कार्य पूर्ण करने तथा सहायक आयुक्त को निरीक्षण कर भवन हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया। कार्य के विलंब होने पर भुगतान से कटौती करने निर्देशित किया गया। शासकीय उ.मा.वि. मोहनपुर के लिए एप्रोच सड़क का प्रस्ताव सहायक आयुक्त को उपलब्ध कराने कहा गया। आवंटन के अनुसार कार्य समय पर पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राचार्यो को निर्देशित करें कि विद्यालय की आवश्याकता अनुसार कार्य का प्रस्ताव उपलब्ध कराये, जिससे कि सक्षम अधिकारी से स्वीकृति उपरांत निर्माण एजेंसी से कार्य कराया जा सके ।



SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com